
# हाथियों ने मचाया आतंक, घरों में घुसे

## अहिरगवां से घुनघुटी रेंज के पड़री बीट तक ग्रामीण इलाकों में की तोड़फोड़

- रात में कई घरों में घुसकर खाया अनाज, दहशत में ग्रामीण
- तीन गांवों में घरों में घुसकर तोड़फोड़ की
- कई परिवारों ने जान बचाने पड़ोसी के घरों में शरण ली



नवभारत

**अनूपपुर, 8 जुलाई. डिंडोरी जिले में सात दिनों तक विचरण करने के बाद चार हाथियों का समूह मंगलवार सुबह पुनः अनूपपुर जिले के अहिरगवां रेंज में पहुंच गया. जंगल में विश्राम के बाद देर रात हाथियों ने तीन गांवों में घरों में घुसकर तोड़फोड़ की और अंदर रखे अनाज को खा लिया.**

बुधवार सुबह यह दल उमरिया जिले के घुनघुटी वन परिक्षेत्र अंतर्गत पड़री बीट के जंगल में पहुंचा. मंगलवार रात हाथियों ने कुम्हनी, शीतलपानी एवं टिटही जैतहरी गांवों में दस्तक दी. कुम्हनी निवासी सेमलाल, एकम सिंह, सुनीता सिंह, सुखसेन सिंह, शीतलपानी निवासी कोदुआ, भगत, हीराबाई, मुन्नी बाई, दान सिंह, राममनोहर, तथा टिटही जैतहरी निवासी उदय सिंह, नर्मदा सिंह, दलबीर सिंह के घरों में हाथियों ने तोड़फोड़ कर भंडारित अनाज खा लिया. हाथियों की मौजूदगी से ग्रामीणों में दहशत फैल गई. कई परिवारों ने जान बचाने के लिए अपने घर छोड़कर पड़ोसी घरों में शरण ली और पूरी रात जागते हुए बिताई. वन विभाग का हाथी गश्ती दल लगातार हाथियों की गतिविधियों पर निगरानी बनाए हुए है. वहीं अनूपपुर कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर हाथियों द्वारा किए गए नुकसान का सर्वेक्षण शुरू कर दिया है और मुआवजा प्रकरण तैयार किया जा रहा है.

> गौरतलब है कि ये चार हाथी 14 जून को छत्तीसगढ़ से अनूपपुर जिले में प्रवेश कर चुके हैं. तब से वे जैतहरी, अनूपपुर और पुष्पराजगढ़ तहसीलों के जंगलों में घूमते हुए, दिन में विश्राम और रात में ग्रामीण घरों में घुसकर अनाज खाने की घटनाएं कर रहे हैं. 2 जुलाई को वे डिंडोरी जिले की ओर चले गए थे और अब 7 जुलाई को दोबारा अनूपपुर में प्रवेश कर चुके हैं. हाथियों का यह दल अब शीतलपानी, टिटही जैतहरी, कुम्हनी होते हुए ढुनगुनी, धुराधर से नीचे उतरकर हथपुरा की ओर बढ़ते हुए घुनघुटी वन परिक्षेत्र के पड़री बीट के जंगल में बुधवार सुबह विश्रामरत है.



## केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मिले सीएम यादव

**भोपाल.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने मंगलवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं दुर्गादास उइके से सौजन्य भेंट की. इस दौरान पूर्व मंत्री कमल

# कलेक्टर गर्ग ने किया 'दीदी कैफे' का शुभारंभ

## जय संतोषी मां स्व सहायता समूह करेगा दीदी कैफे का संचालन



**मंदसौर. मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया.**

ग्राम माल्याखेड़ी, विकासखंड मंदसौर की जय मां संतोषी स्व सहायता समूह द्वारा संचालित दीदी कैफे का भव्य शुभारंभ कलेक्टर कार्यालय मंदसौर में कलेक्टर अदिती गर्ग ने पारंपरिक रूप से फीता काटकर, दीप प्रज्वलन, पूजन अर्चन करके किया. शुभारंभ अवसर पर अपर कलेक्टर एकता जायसवाल, सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, जिला परियोजना प्रबंधक एवं राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्य अधिकारी, कर्मचारी तथा जिले भर से आई स्व-सहायता समूहों की महिलाएं (दीदियाँ) सम्मिलित हुईं.

### ग्रामीण महिलाएं बन रहीं आर्थिक रूप से सशक्त

दीदी कैफे का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है. इस पहल के तहत समूह की महिलाएं कलेक्टर परिसर में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आगंतुकों को स्वच्छ, पौष्टिक एवं किफायती दर पे चाय, कॉफी, पोहा एवं अन्य नाश्ता सामग्री उपलब्ध कराएंगी. यह कैफे केवल एक व्यावसायिक उपक्रम नहीं, बल्कि ग्रामीण महिलाओं की क्षमता, आत्मबल एवं आत्मविश्वास का प्रतीक है, जो उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगा. दीदी कैफे – स्वाद, स्वच्छता और सशक्तिकरण का संगम है.

## सौसर जनपद सीइओ सड़क दुर्घटना में घायल

**पांढुरना.** सौंसर से बैतूल जा रहे मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रफुल लवाहे का शासकीय वाहन मुलताई के पास डिवाडर से टकराते हुए सडक़ के दूसरे मार्ग पर जाकर पलट गया. दुर्घटना में बोलेरो वाहन के परखच्चे उड़ गए, वहीं सीईओ तथा वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गए. जिन्हें नगर के एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कर उपचार किया गया. पांढुरना जिले के सौंसर जनपद पंचायत के सीईओ प्रफुल लवाहे मंगलवार को बैतूल जा रहे थे. इसी दौरान तेज रफ्तार वाहन मुलताई के पास नागपुर भोपाल मुख्य राष्ट्रीय राजमार्ग की खंबारा घाटी के टोल नाके के पास सडक़ के मध्य स्थित डिवाडर से टकराते हुए अनियंत्रित होकर सडक़ के दूसरी जा गिरा.

## चिनगी टोला में दो समुदाय के बीच

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जुलाई.** बरगवां थाना क्षेत्र के चिनगी टोला में दो समुदाय के बीच जमकर मारपीट हुई. इस घटना में विष्णु पाण्डेय सहित उनके दो भाईयों को गंभीर चोटे आई हैं. वही घटना के रिपोर्ट पर पुलिस ने मोर्चा संभालते हुये आधा दर्जन आरोपियों को दबोचते हुये गिरफ्तार कर ली है.

इधर घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में बजरंगदल के कार्यकर्ता व अन्य हिन्दू संगठन के लोग पहुंच गये. भारी संख्या में पुलिस भी घटनास्थल पहुंच पहरा दे रही है. स्थिति पूरी तरह से सामान्य बताई जा रही है. घटना के संबंध में सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनीष कुमार पाण्डेय पिता चन्द्रिका प्रसाद पाण्डेय उम्र 28 वर्ष निवासी चिनगी टोला ने रिपोर्ट किया कि भाई सोनू उर्फ विष्णु प्रसाद पाण्डेय फोन लगा कर बताया कि ग्राम तेलदह में अय्याज के घर के सामने चिनगो टोला में सरफराज, बबलू, झुरही, इकरार मोहम्मद, समीम, अनवर सहित करीब डेढ़ दर्जन लोग गाली-गलौज देते हुये लाठी-डण्डे से मारपीट कर हमला कर रहे हैं. इस बात को सुन कर हम दोनों भाई बीच-बचाव करने पहुंचे, लेकिन तब तक में हम लोग पर भी हमला बोल दिये थे. इस घटना में विष्णु को चोटे आई हैं. घटना की सूचना पर पुलिस ने करीब डेढ़ दर्जन आरोपियों के विरूद्ध बीएनएस की धारा 296, 115(2), 118(1), 351(3), 191(2), 191(3) एवं 190 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर करीब आधा दर्जन आरोपियो को मौके पर दबोच ली है.

## दो बैंक खातों से 2 लाख 10 हजार रकम आहरित

**सिंगरौली.** बंधौरा पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम नगवा निवासी 40 वर्षीय महिला अपने बच्चों के साथ आज कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंच आवेदन देते हुये बताया कि एसबीआई शाखा रजमिलान एवं मध्यांचल बैंक शाखा कर्सुआलाल से अज्ञात व्यक्तियों ने 2 लाख 10 हजार रूपये रकम आहरित कर लिया है. शिकायत करने के बाद भी पुलिस जांच पड़ताल नही कर रही है. नगवा निवासी मैनावति गुप्ता पति शिवकुमार गुप्ता उम्र 40 वर्ष ने कलेक्ट्रोरेट में आयोजित जनसुनवाई में बताया कि मेरा भारतीय स्टेट बैंक शाखा रजमिलान में खाता है. जहां 7 जुलाई 2024 से 16 अप्रैल 2025 तक खाते में कुल 2 लाख 6 हजार रूपये था.

# चांदा सिल्वर फॉल में गिरने से युवक की मौत



पन्ना ब्यूरो

**पन्ना जिले के वाटर फॉल मे आये दिन दर्दनाक मौंतों का सिलसिला जारी है अभी बृहस्पतिकुंड मे तीन युवकों के डूबकर मरने का मामला ठंडा नहीं हुआ कि आज जिले के पवई तहसील अंतर्गत एक युवक के गिर जाने से उसकी दर्दनाक मौंत हो गई.**

- कुछ दिन पूर्व बृहस्पति कुंड में हो चुकी है 3 की मौत

पवई के चर्चित पर्यटन स्थल चाँद सिल्वर फॉल में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया. पैर फिसलने से 19 वर्षीय युवक फॉल की गहराई में गिर गया. एसडीआरएफ की टीम को पन्ना से बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया. धीरेन्द्र राजपूत पिता राजकुमार राजपूत, निवासी ग्राम जमुनिया थाना गुनौर अपने चार रिश्तेदारों के साथ पवई के धार्मिक स्थल हनुमान भाटे दर्शन के लिए आया था.

> दर्शन से पहले सबने कलेही धाम में पतने नदी में नहाने की बात की, लेकिन धीरेन्द्र नहीं माना और सबको लेकर चाँद सिल्वर फॉल पहुंच गया. वहां पर धीरेन्द्र ने नहाने के बजाय मोटर साइकिल धोने के लिए उसे पानी के बहाव व काई लगी चट्टानों की ओर ले गया. उसने बाइक स्टैंड पर खड़ी की और जैसे ही झुककर बाइक धोने लगा, उसका पैर फिसल गया.

# बस के नीचे घुस गया बाइक सवार युवक, तोड़ा दम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 8 जुलाई. सरई थाना के समीपी चमराडोल पेट्रोल पंप के पास आज दिन मंगलवार की शाम करीब 4:30 बजे एक मोटरसाइकिल चालक कैलाश बस सर्विस के नीचे समा गया.**

जहां झारा निवासी युवक की दर्दनाक मौत हो गई. घटना की जानकारी मिलते ही सरई थाना का पुलिस अमला घटनास्थल पहुंच गुस्साएं लोगों को समझाईस देते रहे. ग्राम झारा निवासी जिवेन्द्र जायसवाल पिता रामबकस जायसवाल उम्र 25 वर्ष आज दिन मंगलवार की देर शाम चमराडोल फिलिंग स्टेशन से पेट्रोल भरा कर वापस मोटरसाइकिल से जैसे ही चला कि तेज रफ्तार आ रही कैलाश बस सर्विस क्रमांक क्रमांक एमपी 53 जेडबी 5127 के लापरवाह चालक ने टक्कर मार दिया.

जहां जिवेन्द्र मोटरसाइकिल के साथ बस के नीचे समा गया. इस सड़क हादसे में जिवेन्द्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. इधर घटना की सूचना मिलते ही मौके से सरई पुलिस स्थल पहुंच शव एवं बस को अपने कब्जे में लेकर चालक की तलाश में जुट गई है. उधर उक्त सड़क हादसे को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया और मौके पर भारी संख्या में ग्रामीण एकत्रित होकर विरोध करने लगे.

# सोन नदी में डूबे 7 वर्षीय बालक मिला शव

## चचाई थाना क्षेत्र की घटना, मौके पर पहुंचा पुलिस बल

**अनूपपुर, नवभारत. जिले के चचाई थाना क्षेत्र अंतर्गत मंगलवार की दोपहर एक 7 वर्षीय बालक की सोन नदी में डूबने से मौत हो गई. एसडीईआरएफ की टीम ने करीब 1 घंटे की रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद बच्चे के शव को नदी से बाहर निकाला.**

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. इस दर्दनाक घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है. मिली जानकारी के अनुसार, मृतक बालक बादल वासुदेव ग्राम कैल्होरी के मौहार टोला का निवासी था. वह अपने दोस्तों अंशु वासुदेव, पीयूष पटेल और अनुराग के साथ सोन नदी में नहाने गया था. नहाते समय बादल गहराई में चला गया और डूबने लगा.



घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, परिजन और ग्रामीणों को सांत्वना दी गई है, और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है.

**सुंद्ररेश सिंह मरावी,**
थाना प्रभारी चचाई

### बचाने की कोशिश नाकाम

घटना के समय अंशु वासुदेव ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह असफल रहा. इसके बाद बच्चों ने शोर मचाया और वहां मौजूद ग्रामीणों को जानकारी दी. पुलिस बल और अनूपपुर एसडीओ सुमित केरकेट्टा मौके पर पहुंचे. सूचना मिलते ही जिला होमगार्ड सेनानी के निर्देशन में प्लाटून कमांडर राम नरेश भवेदी के नेतृत्व में एसडीईआरएफ और होमगार्ड के 8 जवानों की टीम मौके पर पहुँची.

# डुमना एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी

**जबलपुर. डुमना विमानतल को अब आरडीएक्स से उड़ाने की धमकी मिली. मेल के जरिए एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की मिली धमकी के बाद हडक़ंप मच गया. एयरपोर्ट एथोरटी, सुरक्षा एजेंसियां, सी आईएसएफ, बीडीडीएस, पुलिस अलर्ट मोड में हुई. घंटों छानबीन करते हुए जांच पड़ताल की गई.**

इस दौरान हवाई यात्रियों में भी हडक़ंप की स्थिति निर्मित हो गई. टीमों ने चप्पे-चप्पे को छाना लेकिन कहीं पर आपत्तिजक वस्तु नहीं मिली जिसके बाद टीमों के साथ यात्रियों ने राहत की सांस ली. इसके बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं. पुलिस सूत्रों के मुताबिक डुमना विमानतल जबलपुर के मुख्य सुरक्षा अधिकारी अंकुर मौर्य पिता रंजीत मौर्य 31 वर्ष निवासी 502 डी ब्लाक अपसरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अज्ञात ईमेल खाता धारक व्दारा जबलपुर हवाईअड्डे पर चार आरडीएक्स रखे गए हैं. सभी यात्रियों, कर्मचारियों को जल्द ही बाहर निकाला जाएगा. डुमना चौकी प्रभारी नितिन पांडे ने बताया कि बम से डुमना एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी मिली थी. पुलिस के साथ जांच एजेंसियों ने करीब डेढ़ घंटे जांच पड़ताल करने के साथ सर्चिंग की. यात्रियों के सामान से लेकर चप्पे चप्पे पर सर्चिंग की गई लेकिन कहीं पर भी विस्फोटक या आपत्तिजनक सामाग्री नहीं मिली. मेल भारत से बाहर का है. मामले की विस्तृत जांच जारी हैं.

# पुलिस ने की 23 साइकिलें जब्त

## प्राचार्य से लेकर बीईओ एवं साइकिल वितरण प्रभारी शक के घेरे में

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 8 जुलाई. ग्राम पंचायत खैरा में एक घर से करीब 23 की संख्या में छात्रों को वितरित होने वाले नि:शुल्क साइकिलों को चितरंगी पुलिस ने छापा मार कार्रवाई करते हुए जब्त की है.**

यह साइकिलें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खटाई की बताई जा रही हैं. इसी विकासखंड से पिछले वर्ष बच्चों की निश्शुल्क पाठ पुस्तकों को कबाड़ियों के हाथ बेचे जाने के मामले में कोतवाली पुलिस बैढ़न ने कार्रवाई की थी. जिसमें बीआरसीसी सियाराम भारती समेत अन्य के विरुद्ध मामला दर्ज कराकर कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला ने बीआरसीसी को बर्खास्त कर दिया है. वह अभी भी फरार चल रहा है.

इन साइकिलों को विद्यालय खटाई से 16 किमी दूर भण्डारित किया गया था. इसके पीछे मकसद क्या है, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन घर से अनाधिकृत रूप से साइकिलों के बरामद होने के बाद बीईओ, संकुल प्राचार्य एवं साइकिल वितरण प्रभारी के भूमिका पर भी तरह-तरह के सवाल उठाया जा रहा है. इधर डीईओ एसबी सिंह ने कहा कि उक्त मामले की जानकारी मिली है. कल दिन बुधवार को चितरंगी पुलिस सत्यापन कर दोषी मिलने पर एफआईआर दर्ज करार्ज जाएगी.

### इनका कहना है...

सूचना मिलने पर आज पुलिस टीम खैरा गांव में सीता देवी के घर में भारी मात्रा में साइकिल रखे जाने की सूचना मिली थी. पुलिस ने दबिश देते हुये 23 साइकिलो को अपने कब्जे में लेते हुये शिनाख्त कराकर बीआरसीसी, बीईओ से जानकारी ली जा रही है. वही जानकारी मिल रही है कि अनाधिकृत रूप से साइकिलें रखी गई थी.

**सुधेश तिवारी**
टीआई, चितरंगी

## बारिश में यूरिया लेने लंबी लाइन में खड़े किसान

**छिंदवाड़ा.** मोहखेड क्षेत्र में खाद को लेकर बेहद मारामारी बची हुई.इधर सोसाइटियो में किसानो को नगद में खाद न मिलने व बाजारों में महंगे दामो पर खाद बेची जाने पर छोटे किसान बेहद परेशान है.वहीं देश का अन्नदाता भारी बारिश में भी दो बोरी खाद के लिए खड़ा हुआ है लेकिन ऐसा लगता है कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि और अधिकारियों को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है. बताते चलें कि इस समय मक्का में यूरिया खाद डाले जाने की जरूरत है,लेकिन यूरिया प्राप्त करने के लिए किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. परेशान किसान इसके लिए सुबह तड़के 5 बजे से भूखे प्यासे एमपी एग्रो केंद्र उमरानाला पर लाइन लगने को मजबूर है.

# लाश को फेंक कर भाग गए दोस्त

**शिवपुरी. शिवपुरी जिले के मेडिकल परिसर में कुछ लोग एक लोडिंग ऑटो में एक युवक की लाश को रखकर लाए और परिसर में छोड़कर भाग गए, डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया.**

मृतक युवक की पहचान अनिल जाटव उम्र 35 साल इंदिरा कॉलोनी कोलारस के रूप में हुई. युवक के परिजन का आरोप है,कि उसकी हत्या कर लाश को मेडिकल कॉलेज फैक गए है. अनिल के भाई राजकुमार जाटव ने बताया कि अनिल कोर्ट की तारीख का कहकर घर से गुना के लिए निकला था. उसने पत्नी से कुछ पैसे भी लिए थे. कोलारस के विनोद जाटव का फोन आया कि अनिल को करंट लग गया है, वह मेडिकल कॉलेज में भर्ती है. जब परिजन कॉलेज पहुंचे, तो अनिल मृत अवस्था में मिला. विनोद जाटव ने बताया कि, उसे रामपाल लोधी का कॉल आया कि अनिल को बिजली के खंभे से करंट लगा है. फिर वह ब्रिजेंद्र और एक अन्य युवक के साथ अनिल को लोडिंग वाहन में डालकर मेडिकल कॉलेज छोड़ गए. मृतक अनिल जाटव कोलारस में रहने वाले विनोद जाटव के यहां वेल्डिंग का काम करता था. अनिल के हादसे की सूचना विनोद जाटव ने ही थी,अनिल जाटव की मौत करंट लगने के कारण बताई जा रही है लेकिन उसके किसी भी प्रकार के जलने और चोट के निशान नहीं हैं. अनिल के कपड़े भी साफ सुथरे है.

**जनसुनवाई** दो राजस्व अमले पर रिश्वत लेने का आरोप, अधिकारी रह गये हक्के-बक्के

# कलेक्टर साहब.. पटवारी गोभा ने ले लिए 20 हजार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 8 जुलाई. कलेक्टर की जनसुनवाई में अधिकांश मामले राजस्व के पहुंच रहे हैं. जहां कास्तकार पटवारियों पर पैसे लेने के संगीन आरोप लगा रहे हैं, लेकिन आम जनता की शिकायत का सही तरीके से निराकरण नही हो रहा है और न ही ऐसे राजस्व अधिकारियों पर कार्रवाई हो रही है. यही वजह है कि रिश्वत का खेल बढ़ रहा है. जनसुनवाई में कई ऐसे आये हैं, जो चौका रहे हैं.

तहसील सिंगरौली के राजस्व मण्डल सासन के ग्राम हल्का गोभा निवासी रमेश कुमार बैस ने हल्का पटवारी रामचन्द्र पनिका पर जनसुनवाई में दिये आवेदन में आरोप लगाया है कि अपना मकान निर्माण करा रहा था, लेकिन भतीजा अनिरूद्ध बैस के द्वारा रोक लगाकर स्थगन आदेश लेने की बात कह रहा था. जिसपर हल्का पटवारी रामचन्द्र पनिका से बताने पर उनके द्वारा कहा गया कि तुम 20 हजार रूपये हमे दे दो, तो हम सब निपटारा करा देंगे. अपना मकान बना लो. पटवारी के कहने पर पटवारी को 20 हजार रूपये 5 अप्रैल 2025 को अपने घर पर ही नगद दिया था और उस जमीन पर बाद में बतीजे के द्वारा स्थगन आदेश भी ले लिया गया. हल्का पटवारी से बताया और बोला की मेरा पैसा वापस कर दीजिए, तो हल्का पटवारी पैसा वापस नही कर रहा है. पीड़ित ने कलेक्टर के जनसुनवाई में पहुंच प्रशासन से मांग किया है कि पटवारी से मेरा 20 हजार रूपये साहब वापस करा दीजिए. वही सरई तहसील के ग्राम निवास निवासी सुखरजिया यादव ने कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंच कर फरियाद की है कि सर्पदंश से मेरे पुत्र संतोष यादव की मौत 4 अप्रैल 2024 को हो गई थी. सर्पदंश की सहायता राशि पाने के लिए एक वर्ष से जनपद देवसर, एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय का चक्कर लगा रही हूँ. इसके बावजूद सहायता राशि नही मिल रही है. पीड़िता ने बताया कि एक अधिवक्ता से मुलाकात हुई तो कहा कि 50 हजार रूपये दो, तो तुम्हारी सहायता राशि दिला देंगे. महिला के अनुसार वकील ने 50 हजार रूपये लेकर किस-किस अधिकारियों को कितना नजराना के रूप में कितना-कितना रकम दिया, उस विवरण से भी अवगत कराया.

### बीके सिंह दे रहा धमकी

ग्राम बगदरा निवासी दूधनाथ एवं छोटेलाल बंसल पिता लोलर बंसल आज कलेक्ट्रोरेट में आयोजित जनसुनवाई में पहुंच संयुक्त कलेक्टर को आवेदन पत्र देते हुये बताया कि बीके सिंह द्वारा पंचायती चुनावी रंजीश के चलते मुझे एवं मेरे भाई को झूठी रिपोर्ट देकर फंसाया जा रहा है. पिछले वर्ष 4 सितम्बर को रेही में अज्ञात चोरों के द्वारा दो समर्सिवल पंपों को अज्ञात चोरों ने पार कर दिया. लेकिन बगदरा पुलिस मुझे थाने लेजाकर बेरहमी से मारपीट कर जाफौ 151 के तहत कार्रवाई की है और अब भी बीके सिंह चौकी में सक्रि य है और पुलिस का सबसे खासमखास है. हम लोगों को बेवजह फंसाने में लगा है.

# दुनिया की सबसे बुजुर्ग हथनी का निधन

## गिनीज बुक में नाम दर्ज की चल रही थी कार्यवाही

सुरेश पाण्डेय पन्ना

**पन्ना, 8 जुलाई. टाईगर रिजर्व मे दुनिया की सबसे उम्रदराज हथनी वत्सला का आज दोपहर हिनौता हाथी कैम्प के निकट निधन हो गया. पन्ना टाइगर रिजर्व के वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ. संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि हिनौता हांथी कैम्प के पास एक नरिया में वत्सला गिर गई थी, जो फिर उठ नहीं पाई.**

लगभग 103 वर्ष उम्र की इस हथिनी की मौत से पन्ना टाइगर रिजर्व में जहाँ शोक का माहौल है वहीं वन्य जीव प्रेमी सहित पन्ना जिले के लोग भी दुखी हैं. ज्ञात हो कि वत्सला का नाम दुनिया की सबसे उम्रदराज हथिनी होने के कारण उसका गिनीज बुक मे दर्ज कराने की कार्यवाही चल रही थी जो लगभग पूर्ण होने को थी.

वत्सला मूलत: केरल के नीलांबुर फॉरेस्ट डिवीजन में पली-बढ़ी है. इसका प्रारंभिक जीवन नीलांबुर वन मंडल (केरल) में वनोपज परिवहन का कार्य करते हुए व्यतीत हुआ. इस हथिनी को 1971 में केरल से होशंगाबाद मध्यप्रदेश लाया गया, उस समय वत्सला की उम्र 50 वर्ष से अधिक थी.

> वत्सला को वर्ष 1993 में होशंगाबाद के बोरी अभ्यारण्य से पन्ना राष्ट्रीय उद्यान लाया गया, तभी से यह हथिनी यहां की पहचान बनी हुई है. वन्य प्राणी चिकित्सक डॉ एस. के. गुप्ता बताते हैं कि पन्ना टाइगर रिजर्व के ही नर हाथी रामबहादुर ने वर्ष 2003 और 2008 में दो बार प्राणघातक हमला कर वत्सला को बुरी तरह से घायल कर दिया था. जिससे वत्सला का पेट फट गया और उसकी आंतें बाहर निकल आईं. पूरे 9 महीने तक वत्सला का इलाज किया. इस मामले फील्ड डायरेक्टर पन्ना टाईगर रिजर्व अर्चना सुचिता तिर्की से चर्चा की गई तो उन्होंने कहा कि वत्सला की मौंत से पन्ना टाईगर अमला काफी आहत है और उसकी उम्र लगभग 100 वर्ष से अधिक बताई गई. जब उनसे गिनीज बुक मे नाम दर्ज होने के संबंध मे पूंछा गया तो उन्होंने कहा कि वत्सला को केरल के जंगल से पकड़कर लाया था, उसका जन्म प्रमाण न होने की वजह से गिनीज बुक मे नाम दर्ज होने से रह गया.